तीन लाख रुपये की चरस संग एक आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया
- पुलिस व स्वाट टीम ने गुरुवार को पकड़ा

श्रावस्ती। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस व स्वाट टीम ने तीन लाख रुपये की चरस बरामद किया। बरामद चरस को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

लोकसभा चुनाव को लेकर सिरसिया थाने के प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह पुलिस व स्वाट टीम के साथ गुरुवार को क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान ग्राम फुलरहवा के पास गुलरा से ककरदरी मार्ग स्थित पुलिया के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक किलो 132 ग्राम चरस बरामद हुआ। जिसकी कीमत तीन लाख रुपये आंकी गई। बरामद चरस को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान गोली उर्फ बरकत अली पुत्र इरफान मोहम्मद निवासी बढ़ईपुरवा थाना सिरसिया के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी तौसीफ खान, स्वाट टीम से उपनिरीक्षक राणा विशाल प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।